बिहार सरकार

**लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग**

ज्ञापांक–1/एम–1–114/2024– 549 /पटना, दिनांक– 15.11.2024

सेवा में,

अनौपचारिक रूप से परामर्शित

महालेखाकार,
बिहार, पटना।

द्वारा:– * वित्त विभाग, बिहार, पटना।

विषय– लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के सुदृढ़ीकरण एवं विस्तार हेतु स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय मद में अनुमानित कुल–₹7222194/– (बहत्तर लाख बाईस हजार एक सौ चौरानबे रूपये) मात्र का वार्षिक वित्तीय व्यय पर अभियंता प्रमुख– सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन) एवं अनुषांगिक पदों सहित स्थायी पदों का सृजन की स्वीकृति एवं पूर्व से सृजित अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना का पदनाम अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मुख्यालय), लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार पटना के रूप में परिवर्तित करने की स्वीकृति।

आदेश–स्वीकृत।

लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के अंतर्गत योजनाओं का प्रभावी रूप से क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण करने हेतु अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन) एवं अनुषांगिक पदों सहित प्रस्तावित स्थायी पदों को स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय मद के अंतर्गत स्थायी सृजन की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

2. साथ ही पूर्व से सृजित अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना का पदनाम अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मुख्यालय), लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार पटना के रूप में परिवर्तित करने की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

3. उपर्युक्त सृजित पदों पर होने वाले व्यय की विवरणी तथा स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय मद में सृजित किये जाने के उपरांत कुल–₹7222194/– (बहत्तर लाख बाईस हजार एक सौ चौरानबे रूपये) मात्र का वार्षिक वित्तीय व्यय (परिशिष्ट–A) होने की संभावना है।

4. इन पदों पर होने वाले व्यय मुख्य शीर्ष–2215 जल पूर्ति तथा सफाई–01 जल पूर्ति–102, ग्रामीण जल पूर्ति कार्यक्रम उपशीर्ष–0001, ग्रामीण जल पूर्ति योजना शीर्ष के अंतर्गत विकलित होगा। इसका विपत्र कोड सं0–36–2215011020001 होगा।

5. उपर्युक्त पदों के सृजन करने के प्रस्ताव पर प्रशासी पदवर्ग समिति की स्वीकृति एवं राज्य मंत्रिपरिषद् की दिनांक–14.11.2024 को संपन्न बैठक में मद सं0–17 में स्वीकृति प्राप्त है।

6. इस पर आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति प्राप्त है।

अनु0–यथोपरि।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,

15/11

(नित्यानन्द प्रसाद)
संयुक्त सचिव (प्र0को0)

New note/letter-2020

P.T.O

ज्ञापांक–1/एम–1–114/2024– 549 /पटना, दिनांक– 15-11-2024

(1) प्रतिलिपि– संयुक्त सचिव, ई0 गजट कोषांग, वित्त विभाग, बिहार, पटना को सी0डी0 के साथ सूचनार्थ एवं बिहार राजपत्र के अगले अंक में प्रकाशनार्थ हेतु अग्रसारित ।

15/11/24
(नित्यानन्द प्रसाद)
संयुक्त सचिव (प्र0को0)

ज्ञापांक–1/एम–1–114/2024– 549 /पटना, दिनांक– 15·11·2024

प्रतिलिपि–

1. अनु0 सहित वित्त विभाग (बजट शाखा)/मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग/सभी विभाग/सभी विभागाध्यक्ष, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
2. अनु0 सहित संबंधित सभी प्रमंडलीय आयुक्त/जिला पदाधिकारी/संबंधित कोषागार/उप कोषागार पदाधिकारी, बिहार/वित्त (वै0दा0नि0को0) विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
3. अनु0 सहित अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव/मुख्य अभियंता (रूपांकण)/ मुख्य अभियंता, उतरी बिहार/दक्षिणी बिहार/मुख्य अभियंता (यांत्रिक)/अधीक्षण अभियंता (मो0)/बजट पदाधिकारी /निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी/डाटा सेन्टर /मुख्यालय स्थित सभी पदाधिकारी/सभी प्रशाखा पदाधिकारी/विभागीय आई0टी0 मैनेजर को वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
4. अनु0 सहित सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता/सभी अधीक्षण अभियंता/सभी कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
5. अनु0 सहित माननीय मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव/प्रधान सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

15/11/24
(नित्यानन्द प्रसाद)
संयुक्त सचिव (प्र0को0)

## परिशिष्ट–A

### लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के अंतर्गत मुख्यालय स्तर पर अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन) एवं अनुषांगिक पदों सहित प्रस्तावित नवसृजित स्थायी पदों की व्यय विवरणी :–

| क्र0 सं0 | पद का नाम | कुल नव सृजित पदों की संख्या | वेतन स्तर | वेतन | महंगाई भत्ता 50% | मकान भत्ता 20% | चिकित्सा भत्ता | परिवहन भत्ता | प्रति व्यक्ति मासिक व्यय | प्रति व्यक्ति वार्षिक व्यय | कुल वार्षिक व्यय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 1 | अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), मुख्यालय, पटना | 1 | (Level-14) | 144200 | 72100 | 28840 | 1000 | 6000 | 252140 | 3025680 | 3025680 |
| 2 | अधीक्षण अभियंता (असैनिक), अभियंता प्रमुख– सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन) के प्रावैधिक सचिव, मुख्यालय, पटना | 1 | (Level-13) | 123100 | 61550 | 24620 | 1000 | 6000 | 216270 | 2595240 | 2595240 |
| 3 | निम्न वर्गीय लिपिक | 1 | (Level-2) | 19900 | 9950 | 3980 | 1000 | 2250 | 37080 | 444960 | 444960 |
| 4 | मुख्यालय, पटना में परिचारी | 2 | (Level-1) | 18000 | 9000 | 3600 | 1000 | 2250 | 33850 | 406200 | 812400 |
| | कुल पद– | 5 | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | अनुमानित वार्षिक व्यय की कुल राशि– | 6878280 |
| | | | | | | | | | | उपर्युक्त पदों के लिए आकस्मिकता आदि पर व्यय @ 5% | 343914 |
| | | | | | | | | | | कुल योग– | 7222194 |
| | | | | | | | | | | (बहत्तर लाख बाईस हजार एक सौ चौरानबे रूपये) मात्र | |

(नित्यानन्द प्रसाद)
संयुक्त सचिव (प्र0को0)

/letter 2020